-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.07.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **शासन द्वारा चलाये जा रहे वन महोत्सव के क्रम में पुलिस लाइन में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागरुकता का दिया गया संदेश।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश में चलाये जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण जन अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.07.2024 को जनपद में बृहद पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत पुलिस लाइन बांदा में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया गया। वन महोत्सव के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देश के क्रम मे पुलिस लाइन सहित सभी थानों एवं कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अभियान में 16 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री वेदमणि मिश्रा व सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि लगाये गये सभी पौधों की देखभाल तथा सुरक्षा के पूर्ण प्रबंध किए जाए। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है इससे कहीं ज्यादा उनकी देखभाल करना और उन्हे तैयार करना महत्वपूर्ण है। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनपद के सभी पुलिसकर्मियों को परिसर में एक पौधा लगाने तथा पौधों की समुचित देखभाल करने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा अपने कैम्प कार्यालय तथा पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अपने कैम्प कार्यालय में भी वृक्षारोपण किया गया।